2 फरीदाबाद
ग्रेटर फरीदाबाद : बिल्डरों के सताए निवेशकों को सिर्फ अदालत का सहारा

6 अभिमत
भारत-नेपाल संबंध में प्रचंड पर विश्वास

9 देश-विदेश
राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा सत्य ही मेरा भगवान

11 धर्म
मां दुर्गा की तीसरी शक्ति है चंद्रघंटा

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सूर्यकुमार का शून्य पर आउट होना चिंता का विषय नहीं : रोहित
पेज - 12

# अच्छी शिक्षा से विद्यार्थियों का विकास संभव



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 23 से 29 मार्च 2023 तक चलेगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ताजी ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत किया व शुभाशीष दिया। प्राचार्य ने शहीद दिवस के अवसर पर देश के ऊपर प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों के चित्र हमें हमारी सोच व समझ को परिवर्तित करने के लिए हौंसला प्रदान करती हैं। स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे इन सात दिनों में अपने अंदर एक महान परिवर्तन लेकर आएंगे। जो उनके जीवन को संवारने में मदद करेगा। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो मैं नहीं बल्कि आप के बजाय मैं नहीं बल्कि हम की सोच को विकसित करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के मन में कभी भी नकारात्मकता नहीं आनी चाहिए और उन्हें समग्र विकास के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए। छात्र जीवन में अनुशासन को सफलता व राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो को प्राप्त करने का मूल मंत्र बताया, प्राचार्य ने विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर (फॉर बॉयज) की जिम्मेदारी सौंपने के लिए राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय, पंचकूला व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विशेष आभार प्रकट किया। शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला ने भी स्वागत भाषण में स्वयंसेवकों को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया।